शोक विज्ञप्ति

अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक सूचना

भिलाई नगर। बहुत ही भारी मन और गहरे दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि नगर पालिक निगम भिलाई की कर्तव्यनिष्ठ सहायक अभियंता श्रीमती प्रिया ख़ैरवार करसे का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया है। उनके इस असमय और अप्रत्याशित निधन से पूरा विभाग और अधिकारी-कर्मचारी जगत गहरे शोक में है।

श्रीमती प्रिया ख़ैरवार करसे एक कुशल, मिलनसार और समर्पित अधिकारी थीं। उनका जाना हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

दिवंगत आत्मा का अंतिम संस्कार आज डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण, छिरपनी मुक्तिधाम में ससम्मान संपन्न हुआ, जहां परिजनों, मित्रों और विभागीय सहयोगियों ने उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी।

"दुख की इस घड़ी में हमारी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति और संबल प्रदान करें।"